हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
16 मई 2024, समय 1305

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में नामांकन पत्रों की जांच के बाद 20 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं।

कल चंडीगढ़ के निर्वाचन अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने नामांकन पत्रों की जांच के बाद बताया कि दाखिल हुए 27 नामांकन पत्रों में से 7 नामांकन पत्र खारिज़ किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों के हलफनामे वोटर हेल्पलाइन और know your candidate app पर अपलोड की दिये गए हैं।

श्री विजय प्रताप ने बताया कि जिन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज़ किए गए हैं उनमें कांग्रेस के कवरिंग उम्मीदवार अजय तिवारी बहुजन समाज पार्टी के कवरिंग उम्मीदवार सुरिंदर सिंह एवं आजाद उम्मीदवार राजेश, नवतेज सिंह, प्रेमपाल, अमित शर्मा और सतनाम सिंह शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि वैध रूप से नामांकित 20 उम्मीदवारों की अंतिम सूची में कांग्रेस के मनीष तिवारी, बहुजन समाज पार्टी की ऋतु सिंह, भारतीय जनता पार्टी के संजय टंडन, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के दीपांशु शर्मा, सुपर पावर इंडिया पार्टी राज प्रिंस सिंह, सैनिक समाज पार्टी की राजिंदर कौर, हरियाणा जन सेना पार्टी के सुनील थम्मन और 13 आज़ाद उम्मीदवार शामिल हैं।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में कल चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा पुलिस जिला (सामान्य कैडर) में भारतीय रिजर्व बटालियन के पुलिस कार्मिकों का विलय) नियम, 2024 को मंजूरी दी गई।

नियमों के अनुसार, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और छूट प्राप्त हेड कांस्टेबल एवं कांस्टेबल के रैंक वाले भारतीय रिजर्व बटालियन के पुलिस कर्मियों को 15 साल की संतोषजनक सेवा पूरी करने तथा प्रथम एवं द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के बाद जिला पुलिस में विलय का विकल्प दिया जाएगा।

हरियाणा मंत्रिमंडल ने निर्वाचन आयोग की अनुमति से वर्ष 2024-25 के लिए राज्य की नई आबकारी नीति को भी एक वर्ष के लिए मंजूरी दी।

....

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल रोहतक के समर गोपालपुर गांव में बी जे पी उम्मीदवार डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री धामी ने इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह सरकार बनाने का नहीं, बल्कि परिवारों को बचाने और तुष्टिकरण की राजनीति का गठबंधन है। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति पर भी जमकर कटाक्ष किया और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम लिए बगैर कहा कि हरियाणा में भी कांग्रेस एक परिवार से बाहर नहीं जा पाती।

बाद में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश को परिवार मानकर चलती है जबकि इंडी गठबंधन में शामिल दल सिर्फ अपने परिवार को प्रथम मानकर काम कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के एक दूसरे के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा और दिल्ली में दोनों पार्टियां गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही हैं जबकि पंजाब में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। यह जनता को बेवकूफ बनाने वाली बात है।

श्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए कहा कि शराब घोटाले में केजरीवाल पर गंभीर आरोप हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट का मुद्दा भी उठाया।

....

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्पकर सिंह धामी ने कल देर शाम अंबाला शहर में भी विजय संकल्प रैली को संबोधित किया और विपक्ष की, समान नागरिक संहिता का विरोध करने के लिए आलोचना की।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के लोग तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के शिकार हैं। श्री धामी ने कहा कि बीजेपी ने समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि सभी को एक समान अधिकार मिलें। उन्होंने लोगों से बीजेपी के पक्ष में मतदान के लिए अपील की। रैली को बीजेपी प्रत्याशी बंतो कटारिया ने भी संबोधित किया।

बाद में रात को श्री धामी पंचकूला के परेड ग्राउंड में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में भी शामिल हुए। इस उत्सव में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, बीजेपी प्रत्याशी बंतो कटारिया और बागेश्वर धाम के महाराज पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने शिरकत की।

....